# FIRST INFORMATION REPORT
**(Under Section 154 Cr.P.C.)**

**(धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत )**

**1.District (ज़िला):** OUTER DISTRICT (DELHI) **P.S.(थाना):** SULTANPURI **Year(वर्ष):** 2023 **FIR No(प्र.सू.रि.सं.):**0905 **Date :** 30/08/2023

2. **Act(s)(अधिनियम ):** **Section(s)(धारा(एँ)):**

| Act(s) | Section(s) |
|---|---|
| – IPC 1860 | 436 |

3. **Occurrence of Offence (अपराध की घटना):**
   (a **Day(दिन):** WEDNESDAY **Date From(दिनांक से):** 30/08/2023 **Date To(दिनांक तक):** 30/08/2023
   **Time Period (समय** **Time From (समय से):** 06:00 hrs **Time To (समय तक):** 06:00 hrs
   (b **Information received at P.S.(थाना जहां सूचना प्राप्त हुई** **Date(दिनांक):** 30/08/2023 **Time** 18:45 hrs
   (c)**General Diary Reference (रोजानामचा** **Entry No.(प्रविष्टि** 089A **Date/Time** 30/08/2023 20:28
4. **Type of Information (सूचना का** Written
5. **Place of Occurrence (घटनास्थल ):**
   (a) **Direction and Distance from P.S (थाना से दूरी और** N/A , 1 Km(s) **Beat No(बीट सं.) :** 04
   (b) **Address(पता):** ,P-2/373, IIND ,FLOOR सुल्तानपुरी, दिल्ली
   (c) **In case, Outside the limit of the Police Station (यदि थाना सीमा के बाहर हैं ):**
   **Name of P.S(थाना का नाम):** **District(ज़िला):**
6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता/सूचनाकर्ता ):**
   (a **Name(नाम):** KHUSHBOO (D/O) SHAMI AKHTAR
   (b **Date/Year of Birth (जन्म तिथि** 1990 **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA
   (c)**Passport No.(पासपोर्ट सं.):** **Date of Issue (जारी करने की तिथि** **Place of Issue (जारी करने का**
   (d **Occupation** NOT KNOWN
   (e **Address(पता):** 103 TOWER 2, SUPREME TOWER SECTOR-99, NOIDA UP, SULTANPURI, OUTER DISTRICT, DELHI, INDIA,
7. **Details of Known/Suspect/Unknown accused with full particulars(attach separate sheet if necessary)(ज्ञात/ संदिग्ध /अज्ञात का पुरे विवरण सहित वर्णन**

8. **Reason for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**
   NO DELAY
9. **Particulars of the properties stolen/involved (attach separate sheet if necessary):**

| Sl.No. (क्र.सं.) | Property Type(Description) | Est. Value(Rs.)(मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|

10 **Total value of property stolen (चोरी हुई सम्पत्ति का कुल**

11 **Inquest Report / U.D. Case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू॰डी॰प्रकरण न॰, यदि कोई**

**12 F.I.R. Contents (attach separate sheet, if required)(प्रथम सूचना रिपोर्ट तथ्य):**

103 टावर 2 सुप्रीम टॉवर सेक्टर 99. नोएडा उत्तर प्रदेश एस. एच. ओ. सुल्तानपुरी माजरा थाना 30 अगस्त 2023 नई दिल्ली 110 086 विषयः सुल्तानपुरी स्थित मेरे घर में आपराधिक तत्वों द्वारा लगाई गयी आग के बारे में एफ. आई. आर. करने के लिए निवेदन महोदय यह शिकायत मेरे घर, जिसका पता पी-2/373, सुल्तानपुरी, नयी दिल्ली-110086 है, में लगायी गयी आग के विषय में है। आज 06:13 AM पर एक पड़ोसी ने मुझे फोन पर सूचना दी कि मेरे उपरोक्त घर में आग लगी है और उसकी तीसरी मंजिल से धुंआ निकल रहा है। घटना के समय हम मौके पर मौजूद नहीं थे। पिछले कुछ समय से मैं और मेरा परिवार नोएडा में रह रहें हैं, और हफ्ता-दो हफ्ता में सुल्तानपुरी वाले घर में आते-जाते रहते हैं। मेरे पड़ोसियों ने बहुत अधिक धुंए और आग के मद्देनजर फाअर ब्रिगेड आफिस में फोन किया। इस बीच मैं और मेरा भाई नदीम अकरम हमारे नोअडा स्थित घर से सुल्तानपुरी जाने के लिए निकल पड़े। हमारे सुल्तानपुरी स्थित हमारे घर पहुंचने से पहले फाअर ब्रिगेड की गाड़ी वहाँ पहुँच गयी और आग पर काबू पाया। जब तक हम सुल्तानपुरी स्थित घर पहुंचे, तब तक फाअर ब्रिगेड की गाड़ी आग पर काबू पा कर जा चुकी थी। मैं और मेरा भाई फोन पर सूचना मिलने के लगभग 45 मिनट के बाद मौके पर पहुँचे। वहाँ हमारे मकान के बाहर भीड़ लगी थी और हमारे कुछ रिश्तेदार भी वहाँ पहुँचे हुए थे। वहाँ पहुँच कर हमने पाया कि हमारे घर की तीसरी मंजिल जल के खाक हो चुकी थी। इस मंजिल पर दो पलंग, दो अलमारियां, एक ड्रेसिंग टेबल, एक वॉशिंग मशीन और ढेर सारी किताबें थीं। किताबें अलमारियों और छछने में रखी थी। आग में यह सब जल चुका था। किताबें अलमारियों और छछे से निकाल कर कमरे के बाहर, वाशिंग मशीन के पास लाकर जलाई गयी थी। इन किताबों में धार्मिक किताबें, जैसे कि कुरान शरीफ, भी शामिल थी। आग इतनी भयानक तरीके से लगायी गयी थी कि सब किताबें व पलंग जल कर राख हो चुके हैं। साथ ही, लपटें फ्लोर की छत तक पहुँच गयीं व छत के लेंटर को भी जला दिया, जिससे लेंटर टूट कर गिरने लगा है। जब हम वहाँ पहुँचे, तब तक आग की गर्मी से पूरा फ्लोर दहक रहा था। घटना वाली तीसरी मंजिल में एक लकड़ी का दरवाजा था, जिसे तोड़ कर अंदर फेंका गया और आग लगायी गयी। यह आग किसी आपराधिक तत्व द्वारा लगायी है। यहाँ short circuit होने की कोई गुंजाइश नहीं है, क्योंकि लगभग एक साल पहले हमने घर कि बिजली कटवा दी थी। मैं पेशे से एक पत्रकार हूँ और सामाजिक विषयों पर आम लोगों के हित में आवाज़ उठाती रहीं। हूँ। ज्वलंतशील एंव सामाजिक विषयों को लगातार लोगों के बीच लाने पर मुझे धमकियां मिलती रहीं हैं। यह संभव है इस आग की घटना का कारण मुझे औ Floor सुल्तानपुरी, दिल्लीर मेरे परिवार को मेरे सामाजिक हितकारी कार्यों की वजय से निशाना बनाना है। आप से निवेदन है कि आप तुरंत एफ. आई. आर. करके इस घटना के सभी पहलुओं की पूर्ण रूप से जाँच करें और इस घटना में संलिप्त अपराधियों पर ठोस कानूनी कार्यवाही करें। भवदीय SD English Khushbu खुशबु अख्तर D/o शमी अख्तर फोन : 9266025787 ईमेल : khushboo.akhtar@gmail.com श्रीमान DO साहब थाना सुल्तानपुरी दिल्ली राजकीय कार्यहेतू निवेदन है कि मन ASI को DD No. 07A Dated 30.08.2023 मिलने पर जाय मौका P-2/373, सु्ल्तानपुरी, दिल्ली पहुंचा जहां पर मकान के IInd Floor पर धुवा निकल रहा था व आग लगी हुई थी। जहाँ पर पूछताछ पर पता चला कि इस मकान का मालिक नोएडा मे रहता है और मकान करीब एक डेढ़ साल से बन्द है व मकान मालिक के बच्चे कभी-2 देखने के लिए आते है जो मौका एक Fire Tender SWB-92 आई व आग को बुझा दिया तथा Fire के So/Kaptan Singh साहब ने आग लगने के कारण की बाबत कुछ नही बतलाया है व चैक करने पर मकान में लकड़ी का बैड व अलमारी जल गए तथा मकान मालिक की Relative मौका पर आई व काफी लोगो से पूछताछ अमल मे लाई गई व किसी संन्दिग्घ के बारे मे पता नही चल सका। जो मन ASI मय HC Rakesh No. 926/OD दोबारा पूछताछ के लिए पहुँचा जहाँ पर मकान मालिक खुशबू अख्त D/o शमी अख्तर ने मुलाकी होकर एक लिखित शिकायत पेश की । जो लिखित शिकायत, DD Entry व हालात से अपराध U/s 436 IPC का होना पाया जाता है। अत: लेख बराए मुकद्मा HC Rakesh No. 926/OD भिजवाया जा रहा है। मुकदमा दर्ज CCTNS करके नम्बर से अवगत कराया जावे। मन ASI मौका पर विवेचना मे व्यस्त हूँ तथा Crime Team & FSL Mobile Team को मौका का inspection के लिए सूचना दी गई है। घटना की ता० व समय - 30-08-2023 at about 6:00 AM घटनास्थल - P-2/373, IInd Floor सुल्तानपुरी, दिल्ली लेख भेजने की ता० व समय - 30-08-2023 at 6.45 PM SD English Rajbir Singh ASI Rajbir Singh No. 360/OD PS Sultanpuri Delhi Dated 30-08-2023 थाना हजा मे की गई कार्यवाही एक हिन्दी तहरीर मर्तबा मरसला ASI Rajbir Singh NO 360/OD द्वारा बदस्त HC Rakesh No. 926/OD मन HC/DO को मौसुल हुई जो तहरीर की मौसुलगी पर मन HC/DO ने मु० न०905/2023 U/S 436 IPC PS Sultan Puri का दर्ज CCTNS करके व CCTNS Operator द्वारा feed कम्प्युटर करवाकर असल तहरीर वcomputerised FIR copy बदस्त HC Rakesh No. 926/OD द्वारा ASI Rajbir Singh NO 360/OD के पास भिजवाई गई जो मुनासिब कार्यवाही अमल मे ला रहे हैं। तमाम हालात मुकदमा SHO साहब को बतलाये गये। दीगर हालात बजरिये डाक अफसरान बाला की खिदमत मे अरसाल होंगे। By HC/DO

**13 Action TakenSince the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2:**
**(की गयी कार्यवाही: चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि किया गया अपराध मद सं.2.में उल्लेख धारा के तहत है ):**

**(i) Registered the case and took up the** **OR (या)**
**(प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया**

**(ii) Directed (Name of the I.O.)(जांच अधिकारी का नाम** RAJBIR SINGH **Rank (पद):** ASST. SI (ASSISTANT SUB-INSPECTOR)

**No(सं.):** 28903022 **to take up the investigation (को जांच आपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया ) OR**

**(iii Refused investigation due to(जांच के** **OR (के कारण इंकार किया या)**

**(iv) Transferred to P.S(name)(थाना):** **District(ज़िला):**
**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित)**

**F.I.R read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the free of cost : (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी ) :**

**R.O.A.C.(आर.ओ.ए.सी.):**

**14. Signature / Thumb Impression of the Complainant / Informant:**
**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान):**

**Signature of Officer**

**Name(नाम):**PARDEEP
**Rank (पद):** HC (HEAD CONSTABLE)
**No.(सं.):** 28108581

**15. Date and Time of despatch to the court:**
**(अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**